उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)

मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ

ई–मेल : hajcommittee.up@gmail.com, shcuplko@rediffmail.com

वेबसाइटः hajcommittee.up.gov.in

पत्रांक : जी–।।/244 /एस0एच0सी/2026 दिनांक : 23.06.2026

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

हज कमेटी आफ इण्डिया ने हज–2027 की अधिकारिक घोषणा कर दी है, जिसके अनुसार इच्छुक हज आवेदक हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाइट **hajcommittee.gov.in** तथा मोबाइल एप्लीकेशन **"हज सुविधा"** पर उपलब्ध हज ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। यह सुविधा दिनांक 22.06.2026 से आरम्भ होकर 20.07.2026 तक उपलब्ध रहेगी। जुलाई 2026 के अन्तिम सप्ताह में कुर्रा (डिजिटल रैंडम चयन) प्रक्रिया के उपरान्त प्रत्येक प्रोवीज़नल चयनित हज यात्री को रु1,52,300/– की अग्रिम धनराशि 10.08.2026 तक जमा करनी होगी। आवेदन निश्चित समय सीमाओं के भीतर किया जाना आवश्यक होगा। इन समय सीमाओं में किसी प्रकार की छूट अथवा विस्तार सम्भव नहीं होगा।

इच्छुक आवेदकों से अनुरोध है कि वह वेबसाइट **hajcommittee.gov.in** तथा **hajcommittee.up.gov.in** पर उपलब्ध हज–2027 की पॉलिसी, हज गाइडलांइस को ध्यानपूर्वक पढ़ लें तथा अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें। ऑनलाइन आवेदन के लिए निम्न प्रपत्रों की स्कैण्ड प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।

1. मशीन पठनीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट के प्रथम व अन्तिम पृष्ठ (1200x800 पिक्सेल JPG/JPEG, 100–500 KB) जो आवेदन की अन्तिम तिथि तक जारी किया गया हो तथा कम से कम 31.12.2027 तक वैध हो।
2. नवीन पासपोर्ट आकार का फोटो (480x640 पिक्सेल JPG/JPEG, 5–20KB)
3. बैंक पासबुक अथवा निरस्त चेक (590x750 पिक्सेल JPG/JPEG, 80–250KB)
4. पते का प्रमाण पत्र (590x750 पिक्सेल JPG/JPEG, 80–250KB)

हज के चयन उपरान्त सीट निरस्त कराने पर हज–2027 की गाइडलांइस के नियमानुसार जमा धनराशि में कटौती की जाएगी, इसलिए इच्छुक हज यात्रियों को सलाह है कि आवेदन करने से पूर्व अपनी तैयारी व हज यात्रा करने की दृढ़ प्रतिबद्धता सुनिश्चित कर आवेदन करें।

Digitally signed by
MOHD TARIQ
Date: 23-06-2026
12:20:46

(मोहम्मद तारिक़)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
2. मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ, हज एवं मा0 अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
3. मा0 सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
4. प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
5. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
6. समस्त ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।
7. समस्त स्टेट हज इंस्पेक्टर/समस्त ट्रेनर, हज–2026, उ0प्र0 ।
8. समस्त प्रशिक्षण केन्द्र/ई–सुविधा केन्द्र, उ0प्र0
9. सूचना अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 ।

(मोहम्मद तारिक़)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी